लीलावती हॉस्पिटल को 'गोल्ड सील ऑफ अप्रूवल'

■ मुंबई, (सं.) लीलावती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (एलएचआरसी) ने प्रतिष्ठित ज्वाइंट कमिशन इंटरनेशनल का 'गोल्ड सील ऑफ अप्रूवल' प्राप्त किया है. यह मान्यता मरीजों की सुरक्षा, उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं और संस्थागत प्रबंधन के लिए दुनिया भर में माना जाने वाला सर्वोच्च मानक है. 8 से 12 दिसंबर 2025 के बीच तीन अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षकों द्वारा किए गए कड़े मूल्यांकन के बाद यह सफलता मिली है. इसके साथ ही लीलावती अस्पताल अब दुनिया के उन चुनिंदा अस्पतालों की श्रेणी

में शामिल हो गया है, जो वैश्विक स्तर की बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं का पालन करते हैं. अस्पताल के स्थायी ट्रस्टी राजीव मेहता ने कहा कि जेसीआई मान्यता के साथ, एलएचआरसी ने भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक नया मानक स्थापित किया है.